www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818


वर्ष-1 अंक-242 सागवाड़ा, मंगलवार, 17 मई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## एसडीएम समेत अधिकारी पंचायत भवन में बंद

### ग्रामीणों के साथ अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे डूंगरपुर विधायक एसडीएम पर लाभार्थियों को पट्टे नहीं देने के आरोप लगाए







**डूंगरपुर।** सरकारी अधिकारियों के कामकाज से नाराज विधायक मंगलवार को एक बार फिर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चे पर बैठ गए। एसडीएम समेत प्रशासन गांवों के संग शिविर में आए अधिकारियों को पंचायत भवन में बंद कर विधायक अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। विधायक ने एसडीएम पर लाभार्थियों को पट्टे नहीं देने के आरोप लगाए।

पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत सुरपुर में आज मंगलवार को प्रशासन गांवों के संग शिविर चल रहा था। शिविर में एसडीएम मणिलाल तिरगर समेत कई विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। शिविर गांव के लोगो से जुड़े काम करने थे, लेकिन शाम तक लोगो को पट्टे नहीं मिले। इससे नाराज लोगों ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक गणेश घोघरा से शिकायत की। इस पर विधायक सुरपुर पंचायत भवन पहुंचे। मौजूद एसडीएम से पट्टे नहीं बाटने को सवाल पूछा तब भी कोई सही जवाब नही मिला तो नाराज विधायक समेत समर्थकों ने अधिकारियों को पंचायत भवन में बंद कर दिया। पंचायत पर ताला लगाकर विधायक और ग्रामीण मैन गेट के सामने ही बैठ गए। विधायक गणेश घोघरा ने कहा की हम सरकार और जनता के नौकर है। कांग्रेस सरकार जनता से जुड़े काम समय पर पूरे कर जनता को राहत पहुंचाना चाहती है। लेकिन अधिकारियों की मनमर्जी से काम नहीं हो रहे। विधायक गणेश घोघरा ने कहा अक्टूबर 2021 में शिविर में लोगो ने पट्टे के लिए आवेदन किया था, लेकिन आज तक उनके पट्टे नहीं मिले है। गांव के लोग सुबह से जमीन के पट्टे मिलने के इंतजार में बैठे है, लेकिन शाम तक पट्टे नहीं दिए। इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। विधायक गणेश घोघरा अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठकर अधिकारियों के कामकाज को लेकर नाराजगी जताई। वही विधायक ने कलेक्टर के मौके पर आने के बाद ही धरने से उठने की बात को लेकर बैठ गए। विधायक के साथ बड़ी संख्या में गांव के लोग भी उनके साथ धरने पर बैठे है। वहीं एसडीएम समेत अधिकारियों को पंचायत भवन में बंद करने की सूचना पर डीएसपी राकेश कुमार शर्मा, सीआई दिलीपदान मौके पर पहुंचे। विधायक समेत ग्रामीणों से बात की। इसके बाद पंचायत भवन में बंद एसडीएम मणिलाल तिरगर से जाली के अंदर से बात की। एसडीएम मणिलाल ने डीएसपी राकेश कुमार शर्मा को बताया की ये उनके अधिकार का मामला नहीं है। इसमें आवंटन कमेटी मिलकर निर्णय कर सकती है। लेकिन विधायक अपनी बात को लेकर अड़ गए। एडीएम राजीव द्विवेदी, एएसपी अनिल मीणा मौके पर पहुंचे। विधायक से बातचीत करते हुए समझाइश के प्रयास किए। एडीएम ने 30 जून तक समस्या पट्टे देने का भरोसा दिलाया। इसके बाद मामला शांत हुआ। 2 घंटे तक चले हंगामे के बाद पंचायत भवन का ताला खोलकर बंद एसडीएम समेत तमाम अधिकारियों को बाहर निकाला।

## कार व बाइक की हुई टक्कर, हादसे में मां व बेटे की हुई मौत

### कल बद्रीनाथ व केदारनाथ की यात्रा पर जाने वाले थे मां-बेटे

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के गोरादा मोड़ पर एक कार व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में माँ-बेटे गंभीर घायल हो गए। वही उदयपुर अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। दोनों माँ-बेटे कल बद्रीनाथ व केदारनाथ की यात्रा पर जाने वाले थे। इधर हादसे के बाद परिवार और समाज में गमगीन माहोल है। थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की सीमलवाड़ा निवासी 30 वर्षीय उमेश पिता रमेश दर्जी और उसकी मां बसंती देवी सुबह बाइक पर डूंगरपुर से सीमलवाड़ा की ओर जा रहे थे7 इस दौरान डूंगरपुर-सीमलवाडा मार्ग पर गोरादा घाटे के पास सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मां बंसती देवी व बेटा उमेश दर्जी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई और लोगो ने निजी वाहन से दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। वही लोगो ने घायलों की सुचना परिजनों व चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस व परिजन जिला अस्पताल पहुंचे जहा पर माँ-बेटे की हालत ज्यादा गंभीर होने से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर के लिए रेफर किया गया। जिसके बाद परिजन दोनों घायलों को उदयपुर अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती करवाया। इधर उपचार के दौरान माँ-बेटे दोनों की मौत हो गई। माँ-बेटे की मौत की सुचना परिजनों ने चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर पुलिस उदयपुर पहुंची जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस ने बताया की हादसे के बाद कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया था पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है वही मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इधर माँ-बेटे की मौत के बाद परिवार व समाज में गमगीन माहोल है।

दोनों माँ-बेटे कल 25 दिन की बद्रीनाथ व केदारनाथ की यात्रा पर भी जाने वाले थे।

## प्रत्येक जिले में विकसित किए जाएंगे डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हबः शकुंतला रावत

**जयपुर।** उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि राजस्थान के प्रत्येक जिले को निर्यात संवर्धन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब विकसित किए जाएंगे। रावत ने बताया कि जयपुर और जोधपुर जिले को प्रथम चरण में चुना गया है। उन्होंने कहा कि इस दायरे में सभी जिलों को चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य जिला स्तर के उद्योगों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है।

## सागवाडा नगरपालिका के भवन का मामला, सासंद का आरोप चेयरमैन के बड़े भाई के काम्प्लेक्स में हो रहा शिफ्ट

### भाजपा पार्षदों ने लगाया मनमानी व पद के दुरूपयोग का आरोप, सांसद के नेतृत्व में पार्षदों ने जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**डूंगरपुर।** जिले की सागवाडा नगरपालिका का कार्यालय पालिका चेयरमैन के बड़े भाई के काम्प्लेक्स में शिफ्ट किया जा रहा है। पालिका बोर्ड व अध्यक्ष के इस निर्णय का भाजपा पार्षदों ने विरोध जताया है। वही भाजपा पार्षदों ने नगरपालिका के अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया पर मनमानी करने व पद का दुरूपयोग का आरोप लगाया है। इधर भाजपा पार्षदों ने सांसद के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग व अपना विरोध जताया है। जिले की सागवाडा नगपालिका के भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस बोर्ड व नगरपालिका के अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया पर पालिका कार्यालय को उनके बड़े भाई के काम्प्लेक्स में शिफ्ट करने पर मनमानी करने व पद के दुरूपयोग का आरोप लगाए है। वही सागवाडा नगरपालिका के भाजपा पार्षदों ने सांसद कनकमल कटारा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए अपना विरोध जताया है। सांसद कनकमल कटारा ने बताया की सागवाडा नगरपालिका का कार्यालय शहर के बीचो-बीच स्थित है वही करीब 100 साल पुराना पालिका का भवन है। सांसद कटारा ने आरोप लगाते हुए कहा की सागवाडा नगरपालिका के कांग्रेस बोर्ड व अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने मनमानी करते हुए नगरपालिका के कार्यालय को अन्यत्र शिफ्ट करने व पालिका के भवन को तोडकर वहा पर मोल बनाने का निर्णय किया।

वही इसी निर्णय के तहत नियम विरुद्ध सागवाडा नगरपालिका अध्यक्ष अपने बड़े भाई जो की कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी है उनके काम्प्लेक्स में नगरपालिका के कार्यालय को शिफ्ट करने में लगे है। सांसद कटारा ने आरोप लगाते हुए कहा की कांग्रेस के बोर्ड व नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने इसकी कोई जानकारी भाजपा पार्षदों को नहीं दी और न ही उनकी कोई सहमती ली गई। उन्होंने कहा की पुरे मामले में नगरपालिका के कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मनमानी साफ़-साफ़ झलक रही है। ऐसे में सभी भाजपा पार्षद आज सांसद कनकमल कटारा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और भाजपा पार्षदों ने सांसद के साथ जिला कलेक्टर से मुलाक़ात की और मामले की जानकारी देते हुए ज्ञापन सौपा। इधर ज्ञापन में भाजपा पार्षदों ने मामले में पद का दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस को आज बड़ी सफलता हाथ लगी है। धम्बोला थाना पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### लम्बे समय से शराब तस्करी के मामले में है लिप्त

गिरफ्तार आरोपी शराब तस्करी के मामले में लिप्त रहा है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। धम्बोला थाने के थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की चौरासी थाना पुलिस ने 22 जनवरी 2022 को नाकेबंदी के दौरान झोथरी में शराब से भरी एक कार को जब्त किया था। मामले में पुलिस ने कार से 118 महंगी अंग्रेजी शराब बोतल जब्त की थी। वही उदयपुर हिरण मगरी निवासी चमन सिंह पिता सत्यनारायण और भुवाणा उदयपुर निवासी मनोहर सिंह पिता गुलाब सिंह को गिरफ्तार किया था। वही मामले की जांच धम्बोला थानाधिकारी को दी गई थी। जिसमे थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने अपना अनुसन्धान शुरू किया। मामले में पुलिस ने एक और आरोपी रायला भीलवाड़ा निवासी जितेन्द्र सिंह को उदयपुर से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी जितेन्द्र सिंह ने शराब से भरी कार को भुवाणा निवासी रूपसिंह उर्फ़ रूपेंद्र सिंह पिता गोपाल सिंह सोलंकी द्वारा देना बताया था और उक्त शराब की कार को गुजरात तस्करी करना बताया था। जिस पर धम्बोला थाना पुलिस ने आरोपी रूपसिंह की तलाश शुरू की लेकिन रूप सिंह फरार चल रहा था। इधर आज धम्बोला थाना पुलिस को मुखबिर के जरिये आरोपी रूपसिंह के सागवाडा में होने की सुचना मिली। जिस पर धम्बोला थाना पुलिस की टीम सागवाडा पहुंची और आरोपी रूपसिंह को सागवाडा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**डूंगरपुर।** जिले की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही कोर्ट ने दोषी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इधर पोक्सो कोर्ट ने पक्ष द्रोही होने पर पीडिता के पिता के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए है। 25 दिसम्बर 2020 को कोतवाली थाने में मामला दर्ज हुआ था।

### एक लाख रुपए का लगाया जुर्माना, डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

डूंगरपुर जिले के पोक्सो कोर्ट ने विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की सदर थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीडिता के पिता ने कोतवाली थाने में 25 दिसम्बर 2020 को एक रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में पीडिता के पिता ने बताया की 21 दिसम्बर 2020 को उसकी नाबालिग बेटी सामान लेने डूंगरपुर शहर आई थी। इस दौरान वह शहर के नानाभाई पार्क से डूंगरपुर नया बस स्टैंड के लिए पैदल-पैदल जा रही थी। रास्ते में वीरपुर गाँव निवासी कुलदीप पिता अशोक नाबालिग को मिला और उसे धमकाकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद कुलदीप नाबालिग को अपने गाँव ले गया और एक कमरे में बंद कर दिया। जहा पर कुलदीप ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी कुलदीप ने नाबालिग को तीन दिन तक कमरे में बंद रखा और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इधर नाबालिग के परिजन उसकी तलाश करते हुए और वहा से अपने साथ लेकर घर आये। इधर नाबालिग ने परिजनों को आपबीती सुनाई। जिसके बाद 25 दिसम्बर को पीडिता के पिता ने कोतवाली थाने में कुलदीप के खिलाफ रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार किया। वही कोतवाली थाना पुलिस ने अनुसन्धान पूर्ण करते हुए पोक्सो कोर्ट ने चालान पेश किया। इसी मामले में डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने आज अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी कुलदीप को वैज्ञानिक साक्ष्यो के आधार पर दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा के साथ एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## डूंगरपुर के कारीलाल टीएसपी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोनीत

### सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों के टीएसपी संघर्ष समिति उदयपुर संभाग की बैठक



**डूंगरपुर।** सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों के टीएसपी संघर्ष समिति उदयपुर संभाग की बैठक मंगलवार को सहकार भवन उदयपुर में हुई। जिसमें सर्व सम्मति से डूंगरपुर जिले के कारीलाल मीना को टीएसपी संघर्ष समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया। टामटिया लेम्प्स अध्यक्ष रमाकांत पंड्या ने बताया कि बैठक में टीएसपी एरिया के अंतर्गत आने वाले जिलों में अध्यक्ष द्वारा जिलेवार मीटिंग लेंने व हर जिले से 5 -7 प्रतिनिधियों को संघर्ष समिति के पदाधिकारी के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया। बैठक में टीएसपी एरिया उदयपुर संभाग में समिति के कर्मचारियों की मांगों का सरकार द्वारा समाधान नहीं होने तक कार्य के बहिष्कार की घोषणा की। संभाग स्तरीय बैठक में उदयपुर जिला अध्यक्ष हमीर लाल मेघवाल, देवदत्त शर्मा, नरेंद्र सिंह, मदन सिंह, डूंगरपुर जिला अध्यक्ष दुर्गा नारायण सिंह, महामंत्री हेमंत व्यास समेत प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ व समस्त टीएसपी एरिया के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन का दो दिवसीय चिंतन शिविर 21 से माउंट आबू में

### राजनैतिक प्रतिनिधित्व सहित विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा, अग्रवाल समाज के विभिन्न सांसद व विधायक भी होंगे शामिल

डूंगरपुर। माउंट आबू में 21 व 22 मई को पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन का दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन होगा। दो दिवसीय चिंतन में अग्रवाल समाज का विभिन्न पार्टियों में राजनैतिक प्रतिनिधित्व सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी वही कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जायंगे। ये जानकारी पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता ने डूंगरपुर प्रवास के दौरान दी। गुजरात में इस वर्ष व राजस्थान में अगले साल विधानसभा चुनाव होने है। चुनाव को लेकर जहा राजनैतिक पार्टिया अपनी रणनीति बनाने में जुटी है तो वही विभिन्न समाज भी अपने प्रतिनिधित्व सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सक्रीय हो गए है। इसी के तहत पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन का दो दिवसीय चिंतन शिविर 21 व 22 मई को माउंट आबू में होने जा रहा है। पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता ने डूंगरपुर प्रवास के दौरान बताया की पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन का दो दिवसीय चिंतन शिविर माउंट आबू में 21 व 22 मई को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की शिविर में राजस्थान सहित देश के पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारी शामिल होंगे। वही इसके साथ ही विभिन्न पार्टियों में अग्रवाल समाज के विधायक व सांसद भी इस दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेंगे। पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता ने बताया की देश में अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में सेवाओं के नाम से जाना जाता है। व्यापार के साथ देश में सामाजिक, धार्मिक, व देश में आपदा के समय भी अग्रवाल समाज अपनी महती भूमिका निभाता है। लेकिन उसके बावजूद राजनैतिक पार्टियों द्वारा राजनीति में अग्रवाल समाज की उपेक्षा की जा रही है। विभिन्न पार्टियो में अग्रवाल समाज का राजनैतिक प्रतिनिधित्व ना के बराबर है। उन्होंने बताया की राजनीति में समाज का अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व सहित समाज हित में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता ने बताया की शिविर में आये सुझावों को पास करने के साथ समाज हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जायेंगे।